तापमान
अधिकतम 33 .3 डिग्री से.
न्यूनतम 15 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

12 महाराजा अग्रसेन का एक रुपया, एक ईंट' ..



12 आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स के लिए 60.16 ..



खबर संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

यमुनानगर। अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर गांधी नगर के अंडरपास के पास सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। गांधीनगर की शिव कालोनी निवासी शिव बली(65) सोमवार सुबह किसी काम से जा रहा था। इस दौरान गांधी नगर के अंडरपास के नजदीक जैसे ही वह रेलवे लाइन पार करने लगा तो अचानक वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जीआरपी शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

वन क्षेत्र से काट लिए चोरी से खैर के पेड़

यमुनानगर। इस्माइलपुर गांव के पास वन क्षेत्र से चोर खैर के 23 पेड़ काटकर 50 हजार रुपये की लकड़ी चोरी कर ले गए। वन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, खदरी गांव में घर से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और महिला की पायल चोरी हो गई। वन राजिक अधिकारी राजीव कुमार के अनुसार, चोरों ने चेन आरी से पेड़ काटे और 10 पेड़ों की लकड़ी ले गए। पुलिस ने वन अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में मनावर की शिकायत पर भी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जहर देकर मारने के आरोप में 6 ससुरालियों पर केस

शहजादपुर। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और जान से मारने की नीयत से जहर देने के आरोप में पति, जेठ, सास, ससुर और ननद समेत छह ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई।पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 25 मार्च को अंबाला छावनी स्थित आर्य समाज वैदिक मंदिर में साहिल कुमार से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल में उससे घर और पशुओं का काम कराया जाता था तथा कम दहेज लाने के ताने दिए जाते थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक रात ससुरालियों ने उसके मुंह में जहरीली दवा डाल दी। तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। जांच अधिकारी नवजीत कौर ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

पानीपतः युवती पर चाकू से जानलेवा हमला

पानीपत। पानीपत में युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण, जातिसूचक टिप्पणियों और मारपीट के आरोपों के बाद युवती पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में थाना मॉडल टाउन पुलिस ने राहुल निवासी गांव गांगोली, जिला जींद व इसकी मां बबीता, चाची संतोष, भाई मोहित व अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि राहुल ने 14 सितंबर को उस पर हमला कर घायल किया था। वहीं बीच-बचाव करने आया एक युवक भी घायल हो गया। पीड़िता का पीजीआई रोहतक में उपचार चला। स्वस्थ्य होने पर पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी है।

बोलेरो की टक्कर से ग्रंथी की मौत

पानीपत। पानीपत में टोल प्लाजा के पास बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार परमजीत सिंह निवासी गांव फरीदपुर की मौत हो गई। 49 वर्षीय सिंह गांव फरीदपुर के गुरूद्वारे में ग्रंथी थे। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परमजीत का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने पंजाब नंबर की बोलेरो के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहड़ी पंचायत पर चहेते को छोड़ने व चुनिंदा ग्रामीणों पर केस का आरोप

पंचायती जमीन पर कब्जे को लेकर भेदभाव का आरोप, ग्रामीण भड़के

- ग्रामीणों ने पूरे गांव की निशानदेही करवाकर सभी अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई की मांग की
- रंजिशन कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने की जमकर नारेबाजी
- सरपंच बोले-गली की निशानदेही में 5 से 6 लोगों के कब्जे मिले, नियमानुसार की कार्रवाई



यमुनानगर। गांव मोहड़ी में पंचायत के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्राम पंचायत मोहडी द्वारा कुछ लोगों पर पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने को लेकर अदालत में मामला दायर करने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत पर भेदभाव बरतने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए कुछ ही लोगों पर अदालत में मामला दायर किया गया है। जबकि मामला दायर करते समय ग्राम पंचायत ने अपने चहेते कुछ लोगों को छोड़ दिया गया। जो निंदनीय है।

मोहडी निवासी इकराम खान, इमरान खान, यशपाल कांबोज, रामकुमार, ईनाम व यामीन आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में बहुत से लोगों ने पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा एसडीएम कोर्ट में केवल उन्हीं के खिलाफ मामला दायर किया गया। जबकि गांव में काफी लोगों ने पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत ने केवल उन पर कार्रवाई की है और अपने चहेते लोगों को छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ने रंजिशन कार्रवाई की है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले को लेकर वह प्रशासन के उच्चाधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर पूरे गांव की निशानदेही करवाकर सभी अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

नियमानुसार की गई कार्रवाई

कुछ लोगों द्वारा पंचायत पर भेदभावपूर्ण नीति अपनाने के आरोप लगाया जाना सरासर गलत है। पंचायत ने गांव में गली बनाने के लिए निशानदेही करवाई थी। इस दौरान 5 से 6 लोगों द्वारा गली में पंचायत की भूमि पर कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई। नियमानुसार कब्जा छुडवाने के लिए कोर्ट में मामला ले जाया गया है। यदि गांव में दूसरे लोगों पर भी अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई तो उन पर भी पंचायत इसी प्रकार कार्रवाई करेगी।
-सतीश शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ी

करनाल: बिजली लाइनों के मुआवजे के लिए सचिवालय पहुंचे किसान

2024 से 2026 तक जारी मुआवजा नीति के आदेश लागू नहीं करने का आरोप



करनाल। हाइटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर जिला सचिवालय पहुंचे किसान।

- किसानों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

खेतों में बिजली की हाइटेंशन लाइनें बिछाने और बिजली के खंभे लगाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान जिला सचिवालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार की ओर से वर्ष 2024, 2025 और 2026 में मुआवजा नीति को लेकर जारी आदेशों की करनाल प्रशासन की ओर से पालना नहीं की जा रही है। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हस्तक्षेप कर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। भारतीय कामगार राष्ट्रीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र ने कहा कि हाईटेंशन बिजली लाइनों और खेतों में लगाए जा रहे खंभों के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों के मुआवजे से जुड़े अधिकारों की अनदेखी हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी मुआवजा संबंधी आदेशों को लागू कर किसानों को उनका हक दिया जाना चाहिए। किसानों ने कहा कि कृषि भूमि में बिजली के खंभे लगाने और हाईटेंशन लाइनें गुजरने से खेती के कामकाज तथा भूमि के उपयोग पर असर पड़ता है। ऐसे में प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो किसान आगे कोई बड़ा निर्णय लेने के लिए मजबूर होंगे।

इस अवसर पर जिला प्रधान ईशम सिंह, सुभाष चंद, राजबीर, साहब सिंह, मांगा सिंह, नवीन त्यागी, जगतार सिंह और बलबीर सिंह सहित अन्य लोगों ने किसानों को संबोधित किया।

करनाल में हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सितंबर 2021 में खेत में मिला था कारसा डोड निवासी राजेश कुमार का शव

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश शर्मा की अदालत ने हत्या और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत 30 हजार रुपये और एससी-एसटी अधिनियम की धारा 3(2)(5) के तहत 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोनों मामलों में तीन-तीन महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन पक्ष की पैरवी उप जिला न्यायवादी सचिन कुमार ने की।सचिन कुमार के अनुसार, 25 सितंबर 2021 को निगदू थाना क्षेत्र में कारसा डोड निवासी नरेश कुमार पुत्र रिसाला राम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। नरेश का भाई राजेश कुमार 24 सितंबर की शाम घर से गया था। अगले दिन सुबह उसका शव गांव कारसा डोड के एक खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। इसके बाद पुलिस ने हत्या और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

दुष्कर्मी को 10 साल की कैद

पानीपत। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने नाबालिग को विवाह का झांसा देकर बहला-फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी साहिल पुत्र राम सिंह निवासी ईदगाह कालोनी, हाल निवासी कुटानी रोड, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज शर्मा ने साहिल पर 55 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना नहीं देने पर साहिल को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पीड़ित लड़की की मां की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने 11 अक्टूबर सन 2022 को साहिल पर केस दर्ज किया था। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अदालत ने साहिल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

फैक्ट्री से चादर के रोल चोरी करने के आरोप में तीन पकड़े



करनाल। घरौंडा पुलिस ने बरसत स्थित शुभ होम फर्निशिंग फैक्ट्री से चादर के रोल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले दो आरोपियों मंजीत सिंह रामपाल और निगम को पकड़ा था। पूछताछ के आधार पर तीसरे आरोपी संजय को भी गिरफ्तार किया गया। फैक्ट्री मालिक ईसविंद्र सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया था कि कर्मचारियों ने मिलीभगत कर ऑर्डर से अधिक चादर के रोल वाहन में लोड किए और रास्ते में दूसरे वाहन में स्थानांतरित कर बेच दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पहले गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। अब पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

कनाडा का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर 4.60 लाख की ठगी

अंबाला। कनाडा का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर गुरुनानक पुरा काजीवाड़ा निवासी रिंपी देवी से 4.60 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर अंबाला सिटी थाना पुलिस ने आरोपी एजेंट सचिन खोसला और श्रीनिवास के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, दिसंबर 2025 में सोशल मीडिया के जरिए महिला की सचिन से बातचीत हुई थी। आरोपी ने वर्क वीजा दिलाने का भरोसा देकर अलग-अलग किस्तों में रकम ली और पासपोर्ट व दस्तावेज भी ले लिए। महिला ने आरोप लगाया कि बायोमेट्रिक प्रक्रिया और कंपनी का ऑफर लेटर मिलने के बावजूद उसे वीजा संबंधी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। बाद में एजेंट ने फोन उठाना बंद कर दिया और उसे ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री से मिलीं ओलंपियन नवनीत कौर



शाहबाद। भारतीय महिला हॉकी टीम की ओलंपियन और शाहाबाद की बेटी नवनीत कौर ने चेयरमैन सुभाष कलसाना के साथ चंडीगढ़ में सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। सीएम ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने पर नवनीत को बधाई दी और भविष्य में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का आशीर्वाद दिया। नवनीत के पिता बूटा सिंह, माता बलविंदर कौर और भाई युवराज सिंह को भी बधाई दी। सीएम ने कहा कि प्रदेश की बेटियां मेहनत और प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। नवनीत ने सीएम से एशियन गेम्स में टीम के सफर, रणनीति और फाइनल तक के अनुभव साझा किए।

मोहड़ा में डंपर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अंबाला। मोहड़ा में सड़क निर्माण कार्य के दौरान डंपर की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के रहने वाले 38 वर्षीय मजदूर अजीत कुमार की मौत हो गई। हादसा 11 अक्टूबर की सुबह करीब 9:05 बजे हुआ। पुलिस ने डंपर चालक बलिराम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मृतक के चचेरे भाई नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अजीत के साथ मोहड़ा के पास एक निजी कंपनी के तहत सड़क निर्माण का काम कर रहा था। सुबह निर्माण स्थल पर डंपरों से मिट्टी उठाने का काम चल रहा था। इस दौरान डंपर चालक बलिराम वाहन को पीछे लेकर आया और अजीत उसकी चपेट में आ गया। डंपर के नीचे आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे अंबाला कैंट के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अजीत करीब तीन महीने पहले मजदूरी करने के लिए अंबाला आया था। परिवार के अनुसार, वह चार बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। चार बहनों में से तीन की शादी हो चुकी है, जबकि उसका छोटा भाई गांव में रहकर पढ़ाई कर रहा है। अजीत अविवाहित था और परिवार में कमाने वाला अकेला सदस्य था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। नरेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली शादी छिपाकर विवाह करने पर पति समेत 4 पर केस

अंबाला। अंबाला शहर की एक महिला ने पति पर पहली शादी और तलाक की जानकारी छिपाकर विवाह करने, पैसों की मांग करने और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने के आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर अंबाला शहर थाना पुलिस ने पति, सास, देवर और बुआ के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, महिला की मुलाकात पति से मैट्रिमोनियल वेबसाइट जीवनसाथी के जरिए हुई थी। पति ने खुद को अविवाहित बताया, जबकि उसका जुलाई 2023 में तलाक हो चुका था। महिला ने 27 सितंबर 2023 को उससे शादी की। शिकायतकर्ता का कहना है कि शादी के करीब आठ दिन बाद ही पति ने उससे पैसे मांगने शुरू कर दिए। अप्रैल से जुलाई 2024 के बीच कई बार 21 हजार और 51 हजार रुपये लेने का भी आरोप लगाया गया है।महिला ने आरोप लगाया कि ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान घर का खर्च उसने उठाया और गर्भावस्था में डॉक्टर की फीस, जांच व अल्ट्रासाउंड का खर्च भी खुद दिया। पति और सास पर गर्भस्थ शिशु के लिंग की जांच कराने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया गया है। 4 जून 2025 को भारत लौटते समय गर्भावस्था के आठवें महीने में पति उसे एयरपोर्ट पर अकेला छोड़कर चला गया। बेटी के जन्म और इलाज का खर्च मायके वालों ने उठाया। महिला ने ससुराल में अपमानित करने, मारपीट और धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं।

केयू में युवा शक्ति, सोशल मीडिया और आध्यात्मिक अनुशासन विषय पर व्याख्यान

युवाओं को डिजिटल तकनीक का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए

सूचनाएं साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचना जरूरी : कुलगुरु



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज के युवा को डिजिटल तकनीक का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करना चाहिए क्योंकि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मकता और तकनीकी क्षमता सशक्त एवं विकसित राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है, जबकि इसका अनियंत्रित और नकारात्मक उपयोग मानसिक एकाग्रता, समय प्रबंधन और सामाजिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को केयू डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर अध्ययन केंद्र, बीएपीएस स्वामीनारायण शोध संस्थान, स्वामीनारायण अक्षरधाम (नई दिल्ली) तथा दिव्य कुरुक्षेत्र मिशन, कुरुक्षेत्र के सहयोग से केयू सीनेट हॉल में युवा शक्ति, सोशल मीडिया और आध्यात्मिक अनुशासनः चुनौतियां, समाधान और राष्ट्र में भूमिका विषय पर आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डिजिटल माध्यमों पर उपलब्ध सूचनाओं की अधिकता के बीच सही और गलत जानकारी की पहचान करना आज एक बड़ी चुनौती बन गया है इसलिए किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना आवश्यक है। डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. धर्मबीर, डॉ. रामेन्द्र, डॉ. दिविज गुगनानी, डॉ. महाबीर रंगा, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. बीएस बोदला, डॉ. सुनील भारती, महेंद्र पाल, कंवरदीप, डॉ. संगीता धीर, संजय कौशिक, पंजाब से आए बालकृष्ण, विरेन्द्र वालिया, सौरभ त्रिखा, शोधार्थी कीकर सिंह सहित 200 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सोच और व्यवहार को कर रहा प्रभावित : धर्ममूर्ति स्वामी

धर्ममूर्ति स्वामी ने कहा कि सोशल मीडिया हमारी सोच, इच्छाओं और प्राथमिकताओं को प्रभावित कर रहा है। एक वीडियो देखने के चक्कर में युवा घंटों बिता देते हैं। वहीं, ज्ञानमंडल दास ने कहा कि मोबाइल की लत से बचने के लिए बच्चों में संस्कार और सत्संग जरूरी हैं।

युवा सप्ताह में एक दिन करें मीडिया फास्टिंग : प्रो. अनायतमहर्षि

वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत ने युवाओं को सप्ताह में एक दिन मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट से दूरी बनाने का सुझाव दिया। कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग की सलाह दी।

आयुष विश्वविद्यालय में जल्द लहराएगा 72 फुट ऊंचा तिरंगा



कुरुक्षेत्र। ध्वज स्थल का निरीक्षण करती विश्वविद्यालय प्रशासन और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर में जल्द ही 72 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने फ्लैग पोल से संबंधित आवश्यक सामग्री विश्वविद्यालय पहुंचा दी है। जल्द ही फाउंडेशन बनाने का कार्य शुरू होगा।

कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और फाउंडेशन की टीम ने ध्वज स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कुलपति ने कहा कि विशाल तिरंगा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान बढ़ाएगा। वहीं, सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि फाउंडेशन देशभर में 230 से अधिक विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर चुकी है।

खबर संक्षेप

एनडीए में सैनिक स्कूल कुंजपुरा के 45 कैडेट सफल

करनाल। सैनिक स्कूल कुंजपुरा के कैडेटों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की वर्ष 2026 की लिखित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। परीक्षा में विद्यालय के कुल 45 कैडेट सफल रहे। इनमें कक्षा 12वीं में अध्ययनरत 32 कैडेट और पूर्व कक्षाओं के 13 कैडेट शामिल हैं। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

धूमधाम से मनाया महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

इंद्री। महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री द्वारा 41 वां महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह सभा प्रधान आनंद जिंदल की अध्यक्षता मे धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री मे किया गया । जिसमें काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजकुमार तायल व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार कश्यप, दिनेश जिंदल, संजीव गोयल, सीए नीरज गर्ग अनुज गर्ग, नीरज गोयल व अशोक गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, राजेश गुप्ता एडवोकेट व मदनलाल गोयल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन पंकिल गोयल ने किया।

एफएलएन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

इंद्री। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों के लिए एफएलएन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढाण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना तथा शिक्षकों की शिक्षण क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाना है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता मे नेहा रही प्रथम

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री मे अंग्रेजी विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक लेखन क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन, मौलिक अभिव्यक्ति एवं भाषायी दक्षता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का आयोजन रजनी देवी के संयोजन में किया गया। प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय तथा अरमान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से 18 वर्षीय युवक की मौत

करनाल। जींद-बदरांदला मार्ग पर भूथे गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बंदराला गांव निवासी अरुण उर्फ नीतिश के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक, अरुण पिछले करीब 15 वर्षों से करनाल में अपनी बहन के पास रह रहा था।

शहर की डेयरियों पर निगम सख्त 44 संचालकों को सात दिन का नोटिस

पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरण नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी, प्लॉट जब्त करने के साथ अवैध डेयरियां सील करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल ने शहर में अवैध रूप से संचालित पशु डेयरियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संचालकों को अंतिम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में डेयरियों को पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित नहीं करने या आवंटित प्लॉट पर निर्माण नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत आवंटन की शर्तों के अनुसार प्लॉट को जमा कराई गई राशि सहित जब्त करने और शहर में संचालित अवैध डेयरियों को सील करने की कार्रवाई की जा सकती है। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह ने बताया कि शहर में डेयरी संचालन को व्यवस्थित करने और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। जिन संचालकों को पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, उनके लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार डेयरी को वहां स्थानांतरित करना अनिवार्य है। इसके बावजूद कई संचालकों ने अभी तक डेयरियां स्थानांतरित नहीं की हैं, जबकि कुछ ने आवंटित प्लॉट पर निर्माण भी शुरू नहीं किया है।



करनाल। पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरियां स्थानांतरित करने और आवंटित प्लॉट पर निर्माण पूरा करने को लेकर नगर निगम ने संचालकों को अंतिम नोटिस जारी किए।

आठ संचालकों को डेयरी स्थानांतरित करने की चेतावनी

संयुक्त आयुक्त ने बताया कि आठ ऐसे डेयरी संचालकों को अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्होंने पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी का निर्माण कर लिया है, लेकिन शहर में चल रही अपनी डेयरी को वहां स्थानांतरित नहीं किया है। इन संचालकों को सात दिन के भीतर डेयरी स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने पर शहर में संचालित संबंधित डेयरी को सील किया जा सकता है।

पिंगली कॉम्प्लेक्स में 231 प्लॉट, 137 आवंटित

संयुक्त आयुक्त के अनुसार, पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में कुल 231 प्लॉट हैं। इनमें से पहले और दूसरे चरण में 137 प्लॉट ड्रॉ के माध्यम से आवंटित किए जा चुके हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 63 डेयरियां शहर से कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 19 डेयरियां डीपीसी स्तर तक पहुंच चुकी हैं और छह प्लॉट पर निर्माण कार्य जारी है। वहीं, 45 आवंटित प्लॉट पर अभी तक डेयरी का निर्माण नहीं हुआ है। दलजीत सिंह ने कहा कि अंतिम नोटिस संचालकों को नियमों का पालन करने का आखिरी अवसर देने के उद्देश्य से जारी किए जा रहे हैं। नगर निगम का लक्ष्य डेयरी संचालन को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित करना और शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाना है। उन्होंने संचालकों से सात दिन के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने की अपील की।

36 संचालकों को निर्माण के निर्देश

इसके अतिरिक्त 36 ऐसे संचालकों को भी अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्होंने आवंटित प्लॉट पर अभी तक डेयरी का निर्माण नहीं किया है और न ही शहर से अपनी डेयरी बाहर स्थानांतरित की है। उन्हें सात दिन के भीतर निर्माण कार्य शुरू कर आवंटन की शर्तों के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं करने पर प्लॉट जब्त करने के साथ शहर में संचालित डेयरी को सील किया जा सकता है।



करनाल। गांव गढ़ी खजूर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

मोबाइल का सीमित प्रयोग करें विद्यार्थी, लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत जरूरी: हरविंद्र कल्याण

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विद्यार्थियों से मोबाइल का सीमित प्रयोग करने, अपने सपनों के साथ माता-पिता की उम्मीदों को पूरा करने और जीवन में एक अच्छा नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अच्छाई-बुराई और पाप-पुण्य के अंतर को समझते हुए अपने आचरण में सकारात्मकता लानी चाहिए। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना और उसके लिए निरंतर परिश्रम करना आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष गांव गढ़ी खजूर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राजधानी चेंज मेकर्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की।

जनसुनवाई में विधायक जगमोहन आनंद ने सुनीं लोगों की समस्याएं

करनाल। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार सुबह सेक्टर-13 स्थित अपने कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान विभिन्न नागरिकों ने अपनी शिकायतें और आवश्यकताएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर जोर दिया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल लोगों की समस्याएं सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाना भी उतना ही जरूरी है। जनता के बीच रहकर उसकी आवाज बनना और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि करनाल की जनता का स्नेह और विश्वास उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। प्रत्येक नागरिक की समस्या उनके लिए महत्वपूर्ण है और उनका प्रयास है कि लोगों को अपने काम करवाने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

न्यूज डायरी



भंडारा लगाकर दिया सेवा और भाईचारे का संदेश

करनाल। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट और अखिल भारतीय वैश्य फैडरेशन कोर ग्रुप की ओर से अग्रसेन भवन, सेक्टर-8 के बाहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रदीप बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर भंडारे का आयोजन सामाजिक सेवा और जनकल्याण की भावना से किया गया है। इसमें विभिन्न वर्गों के लोगों ने भागीदारी की। इस अवसर पर हरीश अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, प्रदीप बंसल, प्रवीण गोयल, देसराज गोयल, पंकजमणि गोयल, विनोद सिंगला, विनोद गुप्ता, दीपक गुप्ता और विनय बंसल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मार्च 2027 तक हर बच्चे को निपुण बनाने का लक्ष्य

करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करनाल में निपुण हरियाणा मिशन के तहत आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान विषय पर छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा ने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया और शिक्षकों से प्रशिक्षण के बारे में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाना शिक्षा विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसलिए सभी शिक्षक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और विषयों को अच्छी तरह समझकर अपने विद्यालयों में बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाएं।श्रुति मिश्रा ने कहा कि आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का बच्चों की शुरुआती शिक्षा में विशेष महत्व है। यदि प्रारंभिक स्तर पर बच्चों की पढ़ने, लिखने और गणित की समझ मजबूत हो जाए, तो आगे की पढ़ाई में उन्हें काफी सहायता मिलती है।



दिल्ली कूच के दौरान जगह-जगह जांच

करनाल। जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), करनाल के अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर दिल्ली की ओर कूच किया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, इस दौरान रास्ते में पुलिस की ओर से जगह-जगह वाहनों की जांच की गई और कार्यकर्ताओं के नाम तथा वाहनों के नंबर नोट किए गए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बार-बार की जांच और रोक-टोक के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद उनका उत्साह कम नहीं हुआ। पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के आह्वान पर अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

वैज्ञानिक प्रदर्शनी में गीता मॉडर्न स्कूल अव्वल



घरोंडा। जिला शिक्षा अधिकारी करनाल के निर्देशानुसार आयोजित ब्लॉक स्तरीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीलोखेड़ी में किया गया। इस प्रतियोगिता में गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी से कक्षा दसवीं की छात्रा टिशा, कक्षा सातवीं से मानिक ने ग्रीन एनर्जी और एनवायरमेंट मैनेजमेंट एंड एनवायरमेंटल कंजर्वेशन विषय पर एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से बायोगैस, सोलर पैनल से घर में बिजली और वर्षा जल संचयन का एक इंटीग्रेटेड मॉडल बनाकर बताया कि कैसे हम हरित ऊर्जा से पर्यावरण को बचा सकते हैं। इस शानदार प्रस्तुति के लिए निर्णायक मंडल ने गीता मॉडर्न स्कूल को प्रथम स्थान पर घोषित किया। आज विद्यालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान इन विजेता बच्चों को पूरे विद्यालय के सामने सम्मानित किया गया।



महिला सशक्तिकरण से संस्कृति संरक्षण तक सक्रिय रहीं महापौर रेणु बाला गुप्ता

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता सोमवार को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रहीं। उनके नेतृत्व में करनाल से बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा महिला मोर्चा के 'नारी शक्ति हुंकार मार्च' में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुईं। इसके बाद उन्होंने जेएनयू की छात्राओं से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर कांग्रेस मुख्यालय तक निकाले गए प्रदर्शन में भी भाग लिया। वहीं, करनाल में तीसरे स्किलटेक इंडस्ट्रियल एक्सपो एवं नवरात्रि मेले में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। भाजपा कार्यालय 'कर्ण कमल' से दिल्ली रवाना हुए महिला जत्थे में उत्साह दिखाई दिया। महापौर ने कहा कि महिलाओं ने संघर्ष और परिश्रम से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है।



नीलोखेड़ी में भव्य डांडिया कार्यक्रम

नीलोखेड़ी। नवरात्रों के पावन अवसर पर हल्का नीलोखेड़ी में भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर हल्का नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी की धर्मपत्नी सविता कबीरपंथी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने डांडिया कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए आयोजन की शोभा बढ़ाई और नवरात्रों के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का वातावरण मां दुर्गा की भक्ति, धार्मिक संगीत और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

बी-24 बैडमिंटन में युवा खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



करनाल। बी-24 बैडमिंटन अकादमी की ओर से आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन समारोह में पानीपत से पहुंचे थाना प्रभारी राकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विभिन्न आयु वर्गों में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अकादमी के संचालक विजेंद्र सिंह, रविंद्र भाटिया और नरेंद्र कुकरेजा ने बताया कि अंडर-9 आयु वर्ग में लड़कों के मुकाबले में रेहान गुर्जर प्रथम और धैर्य द्वितीय रहे। लड़कियों में याकाशी ने पहला और यामिनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

सर्राफा बाजार में मनाया कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का जन्मदिन



करनाल। सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन पर करनाल के सर्राफा बाजार में व्यापारियों ने उत्साह के साथ खुशियां मनाईं। इस अवसर पर मंत्री के समर्थक किशोर नागपाल के श्रीराम ज्वैलर्स प्रतिष्ठान पर केक काटा गया। इसके बाद व्यापारियों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर और राहगीरों में मिठाइयां बांटकर जन्मदिन की बधाई दी। ढोल की थाप पर व्यापारियों ने खुशी का इजहार किया और ईश्वर से डॉ. अरविंद शर्मा की दीर्घायु तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में सर्राफा एसोसिएशन, स्वर्णकार संघ, कर्ण गेट एसोसिएशन और जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान किशोर नागपाल ने कहा कि डॉ. अरविंद शर्मा करनाल के लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखते हैं। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन इंद्री ऋषिपाल कांबोज, पूर्व चेयरमैन सुमेर कांबोज, किशोर नागपाल, कमल गुप्ता, बूटाराम धीर, रवि चौधरी, प्रदीप नागपाल, नंदलाल, विक्की चोपड़ा, बॉबी, रमन गुप्ता, विक्रम वर्मा, नंदू, प्रकाश बंसल, हंसराज कपूर और पवन सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

विधायक ने सुनीं समस्याएं व शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सोमवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनता दरबार आयोजित कर हलके के लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में आई अधिकतर समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निवारण करवा दिया गया और प्रशासन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका प्रयास है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से जनता दरबार आयोजित कर लोगों से सीधा संवाद किया जाता है, ताकि उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके।

एलिमेंटरी मैथ को रोचक बनाने के लिए सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला



तरावड़ी। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक व रिसोर्स पर्सन विकास मान एवं रीमा मेहगो।

तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट, तरावड़ी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चरश्व) द्वारा आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत 10 एवं 11 अक्टूबर को एलिमेंटरी मैथ विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एलिमेंटरी मैथ के शिक्षण को अधिक रोचक, सरल, प्रभावशाली एवं गतिविधि-आधारित बनाना था। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन विकास मान एवं रीमा मेहगो ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा एवं रिसोर्स पर्सन द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष पूजन-अर्चन तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं ज्ञान-वृद्धि की कामना की गई। पारंपरिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में कार्यक्रम की शुरुआत ने कार्यशाला को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन विकास मान एवं रीमा मेहगो ने एलिमेंटरी मैथ को विद्यार्थियों के लिए सरल, सहज एवं रुचिकर बनाने की विभिन्न शिक्षण विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

दिव्य गीता सत्संग में उमड़े

करनाल। नीलोखेड़ी के अस्पताल एरिया में आयोजित दिव्य गीता सत्संग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिला। परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने भी शिरकत कर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमित ऐबला की ओर से किया गया। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य ग्रंथ है। इसकी शिक्षाएं मनुष्य को कर्तव्यनिष्ठा, कर्म, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।



महाराज का किया अभिनन्दन

नीलोखेड़ी। गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का भाजपा नेता शिव नाथ कपूर के आवास पर पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने अपने संबोधन में व्यक्ति के जीवन में तनाव, व्यथा, परेशानियों तथा दुख का कारण ईष्या एवं अहंकार को मुख्य कारण बताते हुए कहा कि इन सबसे बचने का यदि कोई सार्थक उपाय है तो वह ईश्वर की शरणागत हो जाना और इसके लिए जरुरी है श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश को आत्मसात करना।

रामलीला के तीसरे दिन ताड़का वध और सीता स्वयंवर का मंचन

घरोंडा। शहर में आयोजित रामलीला के तृतीय दिवस पर ताड़का वध और सीता स्वयंवर के प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी शानदार अदाकारी के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। रामलीला के दौरान पंडाल भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और उपस्थित दर्शक धार्मिक भावनाओं से सराबोर नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा मां भगवती की वंदना के साथ किया गया। इसके बाद समाजसेवी धूम सिंह राणा और मार्केट कमेटी के सचिव सुनील कुमार ने विधिवत रूप से मंचन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने रामलीला कमेटी को सफल आयोजन और शानदार मंचन के लिए बधाई दी। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए सभी को राम नाम का उद्घोधन दिया तथा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को समाज में संस्कारों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले रामलीला स्टेज पर कमेटी के सभी सदस्यों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके बाद मंच पर ताड़का वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने भगवान श्रीराम द्वारा ऋषि-मुनियों की रक्षा और बुराई के अंत के प्रसंग को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। इसके उपरांत सीता स्वयंवर का मंचन हुआ, जिसमें राजा जनक की प्रतिज्ञा, स्वयंवर में पहुंचे विभिन्न राजाओं और भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष उठाने के प्रसंग को प्रस्तुत किया गया।



14 अक्टूबर को खेला जाएगा फाइनल

हॉकी चैंपियनशिप सेफा में 10 टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में देशभर से पहुंची 26 टीमों के बीच कड़े मुकाबलों के बाद विभिन्न आयु वर्गों की 10 टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले मंगलवार को हॉकी स्टेडियम कैलाश में खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबले 14 अक्तूबर को होंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में पहुंचने के लिए पूरा दमखम लगाया।

टूर्नामेंट के पांचवें दिन अंडर-14 आयु वर्ग में ओपी जिंदल स्कूल ने द आर्मी पब्लिक स्कूल को 3-0 से हराया, जबकि सनबीम स्कूल ने इंडियन स्कूल ओमान को 1-0 से पराजित किया। अंडर-19 आयु वर्ग में श्री राम विद्या मंदिर, हरिद्वार ने प्रिंस अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन को 8-1 से शिकस्त दी। वहीं, अंडर-17 आयु वर्ग में ओपी जिंदल स्कूल ने द आर्मी पब्लिक स्कूल, दिल्ली को 5-1 से हराकर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई। अंडर-19 आयु वर्ग में सचिदानंद स्कूल, तमिलनाडु, श्री राम विद्या मंदिर स्कूल, हरिद्वार, चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल, पानीपत और ओपी जिंदल स्कूल, रायगढ़ ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-14 आयु वर्ग में ओपी जिंदल स्कूल, रायगढ़ और सनबीम स्कूल, बलिया ने जगह बनाई।





महाराजा अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन

करनाल। नवचेतना मंच और श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट्स में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रख्यात कवियों ने हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को कभी हंसाया तो कभी सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर सोचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कवि सम्मेलन में सुरेंद्र शर्मा, अरुण जैमिनी, चिराग जैन, मनीषा शुक्ला, गौरव शर्मा, विष्णु सक्सेना और शंभू शिखर ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। सुरेंद्र शर्मा ने अपनी चिरपरिचित हास्य शैली और रोजमर्रा के जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वहीं, अरुण जैमिनी ने अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और व्यंग्यात्मक अंदाज से खूब तालियां बटोरीं। अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं में समसामयिक विषयों, सामाजिक परिस्थितियों और आमजन से जुड़े मुद्दों को उठाया। हास्य और व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नवचेतना मंच के अध्यक्ष एसपी चौहान, विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा और वीरेंद्र चौहान उपस्थित रहे।



शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए फॉर बिन का प्रयोग करें

तरावड़ी। सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर तरावड़ी में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए फॉर बीन कैंपेन का आगाज हो चुका है। इस कैंपेन के अंतर्गत लोगों को समझाया जा रहा है कि वे अपने घर या दुकान के कचरे को अलग-अलग करके चार प्रकार की डस्टबिनों में डालें ताकि तरावड़ी शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। इस मुहिम में नगर पालिका की स्वच्छता टीम शहर में विभिन्न जगहों पर जाकर लोगों को एकत्रित करके समझा रही है कि वे अपने शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यों को प्राथमिकता दें। सचिव नगर पालिका तरावड़ी अजीत कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि शहर को कचरा मुक्त और बीमारी मुक्त बनाना है तो वह हमारे इस फॉर बीन कैंपेन का हिस्सा बने और अपने घरों से निकलने वाले कचरे को व्यवस्थित तरीके से अलग-अलग करके डस्टबिनों में डालें।

खबर संक्षेप

नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला से जेवर लूटे

पानीपत। पानीपत में देशवाल चौक पर बलवानी देवी निवासी कश्यप कालोनी, जाटल रोड को दो अज्ञात युवकों ने झांसा देकर नशीला पदार्थ सुंघा दिया। वहीं, बलवानी देवी बेहोश हो गई। दोनों बदमाशों ने बलवानी के कानों में पहनी सोने की बालियां और गले का सोने का ओम निकाल कर फरार हो गए। इधर, थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बलवानी के साथ हुई वारदात में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भव्य श्रीराम विवाह शोभायात्रा निकाली

पानीपत। श्रीराम विवाह महोत्सव के पावन अवसर पर पानीपत में भव्य श्रीराम विवाह शोभायात्रा एवं राम बारात का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, अतुल मित्तल, गौरव सलूजा, डॉ. सुमित शर्मा, नवीन भाटिया, चन्द्र शेखर शर्मा, कमल दीवान, राकेश मित्तल, राजेश खुराना, अमित वर्मा, करण सलूजा, राजेश नंदवानी आदि ने भाग लिया।

पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस ने गंगापुरी रोड पर सूरज उर्फ सोनू पुत्र जगदीश के घर से 34 ग्राम चरस बरामद की है। वहीं, पुलिस ने सूरज को गिरफ्तार कर लिया और उस पर मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने अवैध शराब के साथ तस्कर पकड़ा

समालखा। समालखा चौकी पुलिस ने अवैध शराब के साथ दयाराम पुत्र रामकरण निवासी कृष्णा कॉलोनी समालखा को गिरफ्तार किया है। समालखा चौकी इंचार्ज दलबीर ने बताया कि दयाराम पर थाना समालखा के एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और बरामद शराब को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया है।

पुलिस टीम ने इनामी बदमाश पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने पांच हजार के फरार इनामी बदमाश हाकम खान पुत्र शेर मोहम्मद निवासी गांव बावला, थाना तावडू जिला नूंह को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने हाकम खान को कोर्ट में पेश कर आठ दिन के रिमांड पर लिया है। हाकम व उसके साथियों पर 17 अप्रैल सन् 2024 को जीटी रोड समालखा में ट्रक छीनने के आरोप में केस दर्ज है। वहीं, हाकम की गिरफ्तारी पर पानीपत पुलिस ने पांच हजार रूपये का ईनाम रखा था। वहीं, हाकम पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ नूंह, फरीदाबाद, पलवल, यमुनानगर, हिसार, भिवानी, गुरुग्राम में 16 केस दर्ज है।

नशा के खिलाफ जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत सोमवार को गवर्नमेंट मिडल स्कूल, गांव ऊंटला, सुंदर नगर थाना मतलौड़ा पानीपत में जाकर विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वहीं, उन्हें जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई।

महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई

पानीपत। श्री रामलीला कमेटी श्री देवी मंदिर में महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी अमित तायल और जगदीश अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोशाला भेंट किया और पूजा-अर्चना की।

समाधान शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 16 शिकायतें दर्ज की गईं। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. अंकित चौकसे ने शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंत्री पंवार ने दिया सौदापुर बाजार के दुकानदारों को आश्वासन

असंध रोड फोर लेन बनाने में दुकानें नहीं तोड़ी जाएंगी

पानीपत से जींद तक सड़क परियोजना के लिए 184 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। सौदापुर में नागरिकों की सुनवाई करते हुए मंत्री कृष्ण पंवार।

पानीपत के सौदापुर में असंध रोड को फोरलेन बनाने की प्रस्तावित योजना के तहत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क किनारे बनी दुकानों को तोड़ने के मामले को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने सोमवार की सुबह मंत्री कृष्ण लाल पंवार का काफिला रोक लिया और दुकानों में तोड़फोड़ किए जाने की बात बताई। वहीं, मंत्री पंवार ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी से फोन पर बात की। मंत्री कृष्ण ने एक्सईएन को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य इस तरह किया जाए कि किसी दुकानदार की दुकान को नुकसान न पहुंचे। नाले की मौजूदा व्यवस्था का इस्तेमाल करते हुए उसी पर दूसरा नाला बनाने की बात कही गई, ताकि दुकानों को तोड़ने की नौबत न आए। स्मरणीय है कि फोनलेन के लिए पीडब्ल्यूडी ने सौदापुर में अजमीन और दुकानों पर निशान भी लगाए थे। दुकानों की निशानदेही का मतलब था कि दुकानें सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर बनाई गई है। मंत्री पंवार के आश्वासन के बाद दुकानदार इस बात के प्रति आश्वस्त हुए कि पीडब्ल्यूडी अब उनके प्रतिष्ठानों में तोडफोड नहीं करेगी।

स्मरणीय है कि पानीपत से जींद तक सड़क परियोजना के लिए 184 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसमें 92 करोड़ रुपये की लागत से पानीपत से दरियापुर तक सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। इसके आगे सड़क की चौड़ाई 10 मीटर रखी जाएगी। वहीं, सडक फोर लेन बनने से पानीपत व जींद के बीच आवागमन सुगम हो जाएगा।

बॉक्सिंग व फुटबॉल में छाया आर्य पीजी कॉलेज

बॉक्सिंग में सिल्वर व ब्रांच मेडल जीते महिला फुटबॉल टीम तृतीय स्थान पर

तीन खिलाड़ियों का ऑल इंडिया कैंप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाडी।

आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर-कॉलेज महिला एवं पुरुष बॉक्सिंग तथा महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेल विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश तूर्ण एवं खेल विभाग की पूरी टीम को खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए विशेष रूप से बधाई दी। वहीं, डॉ. गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि महाविद्यालय में खेल गतिविधियों को मिल रहे प्रोत्साहन और बेहतर मार्गदर्शन को भी दर्शाती है।

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी

उन्होंने बताया की महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं मंजु और खुशबू ने क्रमशः 48 और 51 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। वहीं, बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं पूजा, तमन्ना व अंशिका ने 60 से 70 किलोग्राम भार वर्गों में कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पुरुष बॉक्सिंग में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र वीर ने 80 किलोग्राम भार वर्ग तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र रॉबिन ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं, बीए तृतीय वर्ष के छात्र तुषार और अंकुश ने क्रमशः 75 और 85 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल कर आर्य कॉलेज का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इंटर-कॉलेज महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में आर्य पीजी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, आर्य कॉलेज बॉक्सिंग टीम के खिलाड़ी तुषार, अंकुश और मिलन का चयन ऑल इंडिया कैंप के लिए हुआ है।



पानीपत। इसराना अनाज मंडी में धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में धरने पर बैठक किसान

पानीपत। पानीपत की इसराना अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू कराने के लिए किसानों के आंदोलन का असर सोमवार को दिखाई दिया। अल्टीमेटम की अवधि पूरी होने पर किसान मंडी पहुंचे और मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव शुरू कर दिया। इसके तुरंत बाद प्रशासन ने धान की सरकारी खरीद शुरू करवा दी। एक दिन में करीब छह हजार क्विंटल धान खरीदी गई।

स्मरणीय है कि दो दिन पहले मंडी में धान की खरीद नहीं होने से नाराज किसानों ने अनाज मंडी के गेट और मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताले जड़ दिए थे। प्रशासन और खरीद एजेंसियों को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए खरीद शुरू नहीं होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी थी। वहीं, आंदोलन में भाकियू जिला प्रधान दिलबाग बिंझौल, बलराज, सतनारायण बांगड़, गजे सिंह खर्ब, शमशेर कालखा, रणबीर, दिनेश चमराड़ा, ओमप्रकाश बिंझौल आदि किसानों ने भाग लिया।

गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले

- चुलकाना धाम में हुई गो सम्मान आह्वान अभियान की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। गो सम्मान आह्वान अभियान की बैठक को संबोधित करते महंत विकास गिरि।

देशभर में गो संरक्षण, संवर्धन और भारतीय संस्कृति के मूल आधार गोवंश की रक्षा के संकल्प के साथ शुरू किए गए गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत चुलकाना धाम स्थित सावरिया सेठ धर्मशाला में बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारत में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना, गोमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाना तथा वेदलक्षणा गोवंश को संवैधानिक संरक्षण व सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर संत राज्य प्रभारी नंदबाबा महंत विकास गिरि महाराज ने शिरकत करते हुए कहा कि गोमाता कोई पशु नहीं बल्कि हमारी मां हैं। गोमाता हमारी सनातन संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक जीवनरेखा हैं। हरियाणा राज्य (नंद बाबा) आचार्य आजाद ने गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की पुरजोर मांग उठाई और सभी गो भक्तों से 17 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में चंडीगढ़ चलने की अपील की। इस मौके पर महंत सेवापुरी महाराज (गांव मांडी) ने कहा कि हम सभी को इस अभियान में पूरी ताकत से जुट जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा स्वर्णिम अवसर दोबारा प्राप्त नहीं होगा। हरियाणा राज्य संयोजक पूरण यादव ने बताया कि गो सम्मान आह्वान अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत प्रांत से एक करोड़ हस्ताक्षर करवाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसे पूरा करने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में गोभक्त गुलशन सरोहा, प्रवीण छोक्कर, देवा, सतवीर, सोनू शर्मा, संचित अरोड़ा समतला, संदीप, कपिल, सागर, सोहन, रोहित, लोकेश, दीपक, अंकित उपल, अनुज, मनोज नारायना, अनिल आदि ने भाग लिया।

जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवा देना पुण्य कार्य

पानीपत। आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्रद्धा पर्व महोत्सव के उपलक्ष्य में गांव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम में 93 वां निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। वहीं, संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस शिविर में डॉ. वरुण गोगिया आई क्लिनिक हॉस्पिटल व डॉ. जुगल आहूजा हॉस्पिटल ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। जबकि शिविर में नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जरूरतमंदों को चश्में भेंट किए गए। जबकि ग्रामीणों की शुगर जांच, सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां दी गई। आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंजाल ने कहा कि जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना पुण्य कार्य है। वहीं, आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जरूरतमंद लोगों की चिकित्सा सेवाएं आगे भी जारी रहेगी।



नवरात्रों में मांस की बिक्री बंद हो



पानीपत। हनुमान सभाओं के पदाधिकारी विधायक प्रमोद विज को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- हनुमान सभाओं के पदाधिकारियों ने विधायक प्रमोद को ज्ञापन सौंपा

नवरात्रे पर्व के पावन अवसर पर पानीपत शहर में वर्षों से चली आ रही हनुमान स्वरूप के नगर भ्रमण की परम्परा के तहत इस वर्ष भी हनुमान स्वरूप नगर में घर-घर जाकर लोगों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं। हनुमान सभाओं का कहना है कि नगर भ्रमण के दौरान रास्ते में कई जगह मांस, अंडे, मीट की दुकानें खुली हुई है, जिससे उन्हें असुविधा होती है और आस्था व पर्व की पवित्रता पर नकारात्मक असर पड़ता है। इससे आसपास माहौल भी खराब होता है। इसलिए विधायक विज से अपील करते हैं कि शहर में नवरात्रि पर्व की शुरुआत से दशहरे तक मांस की दुकानें बंद रखी जाएं। वहीं, विधायक प्रमोद विज ने ज्ञापन लेते ही तत्काल जिला प्रशासन को पत्र लिखा एवं फोन के माध्यम से बात कर प्रशासन को दिशा निर्देश दिए कि मांस की दुकानें शीघ्र ही बंद की जाएं। विज ने कहा कि पानीपत के हनुमान स्वरूप आस्था के सच्चे प्रतीक हैं। यह परम्परा कई वर्षों से चली आ रही है। पानीपत के लोग हनुमान स्वरूप में अपनी विशेष आस्था रखते हैं। आस्था का सम्मान करते वे प्रशासन एवं व्यापारियों से अपील करते हैं कि दशहरा पर्व तक मांस की दुकानें बंद रखी जाएं।

हमें नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए

समालखा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान नशा मुक्ति अभियान का प्रोग्राम किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला मंत्री भाजपा पानीपत नरेश बैनीवाल पहुंचे। नरेश ने छात्राओं को नशा मुक्ति के बारे में बताया की नशा करने से गंभीर बीमारियों जिसे कैंसर हृदयरोग फेफड़ों की बीमारी लीवर खराब होने के साथ साथ मनुष्य को वित्तीय हानि व समाज में उसका सम्मान नहीं होता। हमें नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। समाजसेवी शकुंतला वर्मा ने छात्राओं को पौष्टीक भोजन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नरेश कुमार, नीलम मलिक, निशा शर्मा, आशा, ऋतु, प्रीति, भूपेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल रही।

ब्लॉसमस सोलन को मिला बेस्ट स्कूल डेलिगेशन अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। डीपीएस पानीपत सिटी, हेड सोनिया तोमर, विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

- दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में ईरैनी एमयूएन 2026 का शुभारंभ

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में ईरैनी एमयूएन 2026 का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, समन्वयकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं वक्ता ज्योति डागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। स्कूल हेड सोनिया तोमर एवं उपाचार्या आभा विशाद ने मुख्य अतिथि, विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों, समन्वयक, मुख्य सलाहकार राहुल मेनन, इंप्लीमेंटर्स, ईबी पैनल के सदस्यों गरिमा राजपाल, इश्मीत एवं आदित्य दास का स्वागत किया। वहीं, ब्लॉसमस सोलन, हिमाचल प्रदेश को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट स्कूल डेलिगेशन अवॉर्ड मिला। जबकि विजेताओं को सोनिया तोमर, आभा विशाद, सरिता विज ने पुरस्कृत किया। वहीं, स्कूल के प्रो वाइस चेयरमैन अमित राणा ने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन, नेतृत्व क्षमता, वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करते हैं।

वाराणसी से वडनगर तक की यात्रा करने वाले आकाश व संदीप का भाजपा ऑफिस में स्वागत

युवाओं को राष्ट्रवाद की प्रेरणा दे रही सेवा ही संकल्प यात्रा

कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के साथ आकाश राठौर व संदीप कश्यप को सम्मानित करते हुए भाजपा पदाधिकारी।

सेवा ही संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर तक 1,554 किलोमीटर की प्रेरणादायक 'सेवा ही संकल्प यात्रा' पूरी कर पानीपत पहुंचे युवा मोर्चा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं आकाश राठौर और संदीप कश्यप का भाजपा जिला कार्यालय 'श्याम कमल' में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने दोनों कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। भट्ट ने कहा कि यात्रा के दौरान दोनों कर्मठ कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना से निकाली गई यह यात्रा देश के युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रवाद और अंत्योदय के विचारों को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।

भारत ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 मई 2014 से भारत ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्र सरकार की नीतियों और प्रयासों से देश के बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति देश की बढ़ती क्षमता और विकास की संभावनाओं को दर्शाती है। इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील कंसल, कृष्ण छोक्कर, अमित पंडित, सुनील कपूर, गौरव शर्मा, राहुल राणा, ओमदत्त आर्य, तरुण पसरीजा, ऋषभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

राणामाजरा में सेवा सेतु कैंप

पानीपत। राजकीय हाई स्कूल परिसर, गांव राणा माजरा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 144 नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने शिकायतों पर मौके पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

जेल में जागरूकता कैंप लगाया

पानीपत। सहकारिता, चुनाव व पर्यटन विभाग कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर जिला जेल पानीपत के प्रांगण में सेवा संकल्प अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बंदियों को संबोधित करते हुए सभी को नशे से पूरी तरह दूर रहने, जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और आध्यात्मिक बल के सहारे अपने भविष्य को सुधारने के लिए प्रेरित किया।

निर्भरता व सहनशीलता जैसे विषयों पर दी जानकारी

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सिविल अस्पताल से आए मनोविज्ञान सोशल वर्कर एवं मुख्य वक्ता विनोद देशवाल ने पैनिक अटैक, नशे की लत, मोबाइल की लत तथा निर्भरता और सहनशीलता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

खबर संक्षेप

शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं

नारायणगढ़। उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में शहजादपुर के नायब तहसीलदार अमित वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय सत्यापन, जन्मतिथि में सुधार, परिवार के मुखिया का नाम बदलने, बीपीएल राशन कार्ड बनवाने तथा राशन कार्ड कटने जैसी समस्याएं सामने आईं। शिविर में गांव शाहपुर की पूनम देवी व मोहित तथा गांव पंजलासा की रिंकेश ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने और बीपीएल राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया।

कल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

शहजादपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 14 को प्रातः 10 बजे गांव बधौली के सामुदायिक भवन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। 15 अक्तूबर को सुबह 10 बजे गांव पतरेहड़ी की प्रजापति धर्मशाला में सेवा सेतु शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 16 अक्तूबर को गांव जटवाड़ के ग्राम सचिवालय में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि सेवा सेतु शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में आमजन को विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को कोलाज मेकिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.सुभाष कुमार, प्रो. शिविका राठी, इंदु धीमन द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं नवीन विचारों का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आनिया बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम, सुमित बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा निखिल बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अवैध रूप से वाहन ट्रांसफर करने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। लोनशुदा ट्रैक्टर की हाइपोथेकेशन फर्जी तरीके से हटवाने, वाहन को अवैध रूप से दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर करवाने के मामले की जांच एंटी एक्सटोर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में एएसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी जाखौली अड्डा कैथल निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अशोक भी उक्त गिरोह में शामिल था जो फर्जी एनओसी प्रिंट करवाता था। आरोपी का अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स के लिए 60.16 करोड़ रुपये मंजूर, ब्राह्मण माजरा में 21 एकड़ पर होगा निर्माण, मंत्री विज बोले- हजारों पशुओं को रखने की सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी विधानसभा के गांव ब्राह्मण माजरा में आधुनिक इंटीग्रेटिड डेयरी कांपलेक्स निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 60.16 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड स्कीम के तहत लोन के तौर पर यह राशि स्वीकृत हुई है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि राशि स्वीकृत होने पर अब जल्द डेयरी कांप्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ कराने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से ब्राह्मण माजरा की लगभग 21 एकड़ जमीन की खरीद आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स निर्माण के लिए पहले ही नगर परिषद द्वारा की जा चुकी है। यहां छावनी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बसी डेयरियों को एक ही स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही डेयरी कांप्लेक्स में पशुओं के लिए कई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इंटीग्रेटेड डेयरी कांप्लेक्स में वेटरनरी अस्पताल से लेकर अन्य सुविधाएं मिलेगी जिससे पशु मालिकों को आपात समय में आने-जाने की दिक्कत नहीं होगी।

अलग-अलग स्थानों पर बसी डेरी एक स्थान पर शिफ्ट होगी

टांगरी नदी पर बनेगा नया पुल



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि पशुपालकों को ब्राह्मण माजरा डेयरी कांप्लेक्स आने-जाने के लिए बेहतर रोड कनेक्टिविटी मिले इसके लिए टांगरी नदी पर नया पुल भी बनेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुल बनाया जा रहा था, मगर ठेकेदार के काम छोड़ने की वजह से अब दोबारा इसके टेंडर किए जा रहे है। जल्द यहां नया पुल बनकर तैयार होगा जोकि टांगरी बांध रोड से कनेक्टेडेट होगा।



अंबाला। आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स का नक्शा।

पशुओं के लिए बनेगा तालाब

डेयरी कांप्लेक्स में पशुओं के लिए तालाब का भी प्रावधान है ताकि पशुओं की साफ-सफाई की जा सके। अलग से एक स्थान पर तालाब बनेगा जिसमें पानी छोड़ा जाएगा। इससे पशुओं को नहलाने व साफ-सफाई करने में पशु मालिकों आसानी होगी। पशुओं की फीड व अन्य सामान रखने के लिए कांप्लेक्स में अलग से ड्राई फीड स्टोर बनेगा। फीड से संबंधी सामग्री एवं अन्य सामान यहां रखा जाएगा। कांप्लेक्स में बिजली एवं पानी की पर्याप्त सुविधा होगी। सब स्टेशन होगा, इसके अलावा आधुनिक एलईडी लाइट्स का भी प्रावधान किया जाएगा जिससे रात्रि में क्षेत्र दुधिया रोशनी से जगमग होगा। यहां सुंदर पार्क होगा, साथ ही ग्रीन कॉरिडोर बनेगा जहां पशु हरी घास खा सकेंगे। उन्हें आसानी होगी। पार्क में पेड़-पौधे लगाने के अलावा बैठने के लिए बैंच एवं अन्य कई प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

पशुओं को रखने के लिए 200 प्लाट

डेयरी कांप्लेक्स में हजारों पशुओं को रखने की क्षमता होगी। यहां अलग-अलग आकार के लगभग 200 प्लाट बनेंगे, ज्यादा पशु मालिकों को बड़े प्लाट दिए जाएंगे जबकि कम पशु मालिकों के लिए छोटे आकार के प्लाट होंगे। पशुओं को मौके पर ही निशुल्क ईलाज सुविधा मिल सके इसके लिए डेयरी काम्पलेक्स में वेटेनरी अस्पताल की सुविधा होगी। यहां पर डॉक्टरों व स्टाफ की टीम को चौबीस घंटे तैनात किया जाएगा ताकि जरुरत पड़ने पर पशुओं को मौके पर ही उपचार मिल सके। पशु पालकों को अपने पशुओं को अविलंब ईलाज मिल सकेगा। पशुओं के चारे के लिए भी पशु मालिकों को कहीं बाहर नहीं जाना होगा। कांप्लेक्स में उन्हें चारे की सुविधा मिले ऐसा प्रावधान किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में चारा रखने एवं उसके भंडारण के लिए अलग स्थान होगा।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे

महाराजा अग्रसेन जयंती पर सेवा और भाईचारे का संदेश, मेधावी सम्मानित



अंबाला। कैबिनेट मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन का एक रुपया, एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक और सामूहिक सहयोग का अनूठा उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़





नारायणगढ़। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को नमन करते कैबिनेट मंत्री व समारोह में मौजूद लोग। फोटो: हरिभूमि

समाजवाद के अग्रदूत महाराजा अग्रसेन की जयंती महाराजा अग्रसेन भवनमें श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा पंचकूला के उद्योगपति संजय रूंगटा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत तथा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन करने के साथ हुआ।

इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को फूलों का गुलदस्ता देकर एसडीएम शिवजीत भारती ने उनका स्वागत किया। समारोह में गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता, व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश बिंदल, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष भूषण अग्रवाल तथा नगरपालिका की वाइस चेयरमैन आईना गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समानता, सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे की प्रेरणा देता है। उनका 'एक रुपया, एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक सहभागिता और सामूहिक सहयोग का अनूठा उदाहरण है। यह संदेश देता है कि समाज की उन्नति में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सभा के उपप्रधान अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, संरक्षक संजीव अग्रवाल, बलजिंद्र गुप्ता, सुरेश गोयल, अजय गर्ग, लवकेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, भूपिंद्र अग्रवाल, डॉ. विशाल, जय प्रकाश, श्याम लाल अग्रवाल, श्याम लाल कंसल, वासु एडवोकेट, डॉ. विश्वबंधु, डॉ. राजेंद्र तायल, एडवोकेट संजय अग्रवाल, मोहित गुप्ता, देशबंधु जिंदल, नरेंद्र गुप्ता, सुशील अग्रवाल, डॉ. सुशील सिंघल, धर्मेंद्र गुप्ता, नप सदस्य प्रदीप गोयल, मनीष अग्रवाल, मोहन बंसल भी मौजूद रहे।

सद्भाव का रास्ता दिखाया

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवन और विचारों से समाज को परस्पर सहयोग, समानता और सद्भाव का रास्ता दिखाया। उनका जीवन इस बात की प्रेरणा देता है कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान मिले और सभी लोग एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी प्राचीन सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहना चाहिए।

पात्र लोगों को मिल रहा लाभ

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अग्रोहा धाम में पुरातात्विक खुदाई को आगे बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

अच्छे शासक-समाज शास्त्री और बेहतरीन अर्थशास्त्री थे महाराजा अग्रसेन : अनिल

- मंत्री विज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत को अपनाकर ही भाजपा देश का विकास कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयंती का दिन केवल मनाने का नहीं बल्कि उनके सिद्धांतों को अपनाने का दिन है। सारा समाज उनके सिद्धांत अपनाए, जहां भी कोई भी, किसी भी पार्टी की सरकार हो, वो महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को पढ़कर सरकारें चलाएं जिससे हमारा देश सूर्य की तरह चमक जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भी महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-कल्याणकारी योजनाओं से आम जनजीवन का परिदृश्य बदला है। विज अंबाला छावनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य पर रात्रि अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित भजन संध्या में लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज ने समाज सेवी प्रकल्पों के लिए अग्रवाल सभा को अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती का दिन बहुत पवित्र दिन है।

शुभकामनाएं दी

महाराजा अग्रसेन जयंती व पवित्र नवरात्र है जिसकी वह सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन ने जो संदेश इस संसार को दिया उसके आधार पर ही अब सभी जगह पर सरकारें बनाई जाती है जिन्हें सोशल वेलफेयर सरकारें कहा जाता है। यह सिद्धांत हजारों साल पहले महाराजा अग्रसेन ने स्थापित किया था। वो अच्छे शासक भी थे, समाज शास्त्री और अच्छे अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने जो सिद्धांत बनाए कि "हमारी नगरी में जो आएगा उसे एक ईंट और एक रुपया देंगे। ईंट अपना आशियाना बनाने और रुपया कारोबार स्थापित करने के लिए। विज ने कहा कि जितने सोशलिज्म पर जितने शास्त्र लिखे जाते हैं उन शास्त्रों की आत्मा में महाराजा अग्रसेन का दिया ज्ञान है। रास्ता बताया और उन्होंने यह भी कहा कि अपने व्यापार को पूरी तरह पारदर्शी तरीके से करना चाहिए और आय का कुछ हिस्सा समाज कल्याण के लिए निकालना चाहिए।

केवट की भक्ति से वातावरण भक्तिमय

- राजा दशरथ के प्राण त्यागने तक के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा



लाडवा। रामलीला में भगवान श्रीराम को वनवास में जाने से रोकते अयोध्यावासी।

श्रीराम हनुमान रामलीला समिति लाडवा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में केवट प्रसंग एवं दशरथ मरण के दृश्यों का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन से लेकर केवट द्वारा प्रभु के चरण धोकर उन्हें गंगा पार कराने तथा राम-वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने तक के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। केवट की निस्वार्थ भक्ति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं दशरथ मरण के मार्मिक दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। गम रात्रि की रामलीला का शुभारंभ जय ज्वाला जी सेवा मंडल के प्रधान अंकित गर्ग तथा अखिल गर्ग ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की आरती करके किया। इस अवसर पर समिति की ओर से अतिथियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अंकित गर्ग ने कहा कि केवट द्वारा प्रभु श्रीराम को गंगा पार कराना और बदले में प्रभु से भवसागर पार करने का आशीर्वाद प्राप्त करना केवल रामलीला का एक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणा है।

राष्ट्र पुनर्निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका: प्रो. शर्मा

- केयू सीनेट हॉल में शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, हरियाणा के सहयोग से केयू सीनेट हॉल में रविवार को शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र पुनर्निर्माण केवल आर्थिक एवं भौतिक विकास की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जुड़ी व्यापक प्रक्रिया है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सत्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक वंदे मातरम गायन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में हरियाणा के 22 जिलों से लगभग 120 शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन केवल परीक्षा परिणामों से नहीं किया जा सकता।

डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनाने का आह्वान

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान श्रमदान कर के किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया यह 483वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण सुधार में सभी ने सहयोग करना चाहिए। देश का जो परिवार झुग्गी झोपड़ी में रहता है वह भी अपने घर में हर रोज झाड़ू लगता है। स्वच्छता चाहता है। पर वह आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा डस्टबिन में नहीं डालता है लेकिन स्वच्छता तब रहेगी, जब हर आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा अपने डस्टबिन में डाल कर रखेगा। डस्टबिन का प्रयोग ही स्वच्छता का मूल मंत्र है। इसलिए हर आदमी ने स्वच्छता की इस मुहिम में अपना योगदान देना चाहिए और डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में अहम योगदान करती है। इस मौके पर अजमेर सिंह चौहान, बलबीर सिंह श्योकंद, डा. राजेंद्र सिंह, सूरजभान सिहाग, बलवीर सिंह, बलजीत सिंह रेढू, अजीत सिंह, सुरेश कुमार, पवन मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

शिविर भाजपा की ओर से न्यू प्रीत नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

मेडिकल चिकित्सा शिविर में 502 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। शिविर में चिकित्सकों से लोगों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेती नप अध्यक्ष।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनकी 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नजदीक न्यू प्रीत नगर टांगरी बांध रोड में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्र के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों के लगभग 502 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर नगर परिषद् की अध्यक्षा स्वर्ण कौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान नगर परिषद् अध्यक्षा ने डॉक्टरों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और कैंप में पहुंचे लोगों से बातचीत करते हुए यहां पर शिविर के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। स्वर्ण कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनकी 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में यहां पर निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन और जरूरतमंद लोगों को घर-द्वार के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलता है। मौके पर नगर परिषद् के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, बिजली बोर्ड निदेशक आरती सहगल, मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा, मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास बहगल, बिजेंद्र चौहान, रेनू चौहान, कृष्ण गोपाल शर्मा, महासचिव बलेश कुमार, सचिव उमेश व्यास, उपप्रधान प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष नरेश मुदगिल, विशाल टांगरी, दीपक भसीन, नरेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

समय-समय पर जांच करवाने के लिए प्रेरित किया

कैंप के दौरान डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें निशुल्क मेडिकल टेस्ट और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करवाई। इसके साथ ही लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कैंप में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने पहुंचे लोगों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल कैंप जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।